सामुदायिकी परियोजना मेरे लिए वरदान

मैं अजय कुमार सुपुत्र श्री रणधीर सिंह, गांव बुटाना खेतलान जिला सोनीपत का निवासी हूँ तथा 5 एकड़ का छोटा–सा किसान हूँ। मेरी जमीन रेतीली दोमट है जिसमें हर साल मैं, गेंहू, कपास व सरसों की पैदावार करता हूँ। वर्ष 2012–13 में अपने गांव में कई किसानों को सफेदे के पौधे लगवाते देख मैंने श्री सुनील कुमार, वन रक्षक से बात की तथा सामुदायिक योजना के तहत अपने पूरे खेत में 3X1.5 मी0 के फासले पर सीड क्लोन के सफेदा के पौधे लगवाये। सफेदा के पौधों के साथ–2 पहले दो साल सरसों की खेती भी की जिससे 30,000/–रू0 प्रति एकड़ की आमदनी हुई, अब 5 वर्ष के बाद अप्रैल, 2017 में मैंने 2,90,000/–रू0 प्रति एकड़ के हिसाब से कुल 14,50,000/–रू0 के सफेदे बेचकर लाभ कमाया जबकि मेरे गांव में ठेके का रेट महज 15,000 से 20,000/–रू0 प्रति एकड़ है। इस तरह से मैंने 5 वर्ष में कम मेहनत कर लगभग 70,000/–रू0 प्रति एकड़ के हिसाब से आमदनी प्राप्त की है, जोकि सरसों, गेंहू व कपास की फसल से मैंने कभी प्राप्त नहीं की। मैं दोबारा से अपने खेत में सफेदे के पौधे लगवाकर वन विभाग की इस लाभदायी योजना का लाभ प्राप्त करना चाहता हूँ तथा बाकी सब किसान भाईयों से भी इस स्कीम को अपनाने की सलाह देता हूँ।

अजय कुमार सुपुत्र श्री रणधीर सिंह,
गांव बुटाना खेतलान, जिला सोनीपत
मोबाईल नं0 –98127–98077

सामुदायिकी परियोजना मेरे लिए वरदान

मैं जयभगवान सुपुत्र श्री जागे राम, गांव बुटाना जिला सोनीपत का एक छोटा सा किसान हूँ। मेरे पास 4.5 एकड़ जमीन है। जिसमें मैं हर साल धान और गेंहू की फसल लेता हूँ। मैंने वर्ष 2013 में वन विभाग की खेतों में पौधे लगाने की स्कीम के तहत अपने खेत में 3100 नं0 सफेदा क्लोन प्रजाति के पौधे लगवाये और विभाग के बताये अनुसार पौधों की अच्छी तरह से देखभाल की। मैंने इन पौधों के बीच में पहले साल में सरसों की खेती की जिससे 10,000/–प्रति एकड़ के हिसाब से कुल 45,000/–रू0 की आमदनी हुई। इस साल 2017 में फरवरी में मैंने सफेदे बेचकर कुल 4,65,000/–रूपये कमाये। सफेदा के वृक्षों को काटने के बाद कोपिस से हुये पौधों की बढ़त भी दोबारा से लगभग 5–7 फुट हो गई है, जिससे मेरी दूसरी फसल भी तैयार हो रही है। उम्मीद से ज्यादा पाकर मेरा मन खुशी से भर उठा है। मैं, सभी किसान भाईयों से भी इस योजना को अपनाकर अपना जीवन सफल बनाने की सिफारिश करता हूँ।

जयभगवान सुपुत्र श्री जागे राम,
गांव बुटाना, जिला सोनीपत
मोबाईल नं0–98127–15045